
भारत भवन में तीन दिवसीय नृत्य समारोह का समापन

# 'भावानुभाव' में बही राधा-कृष्ण प्रेम की रसधारा

निज संवाददाता

**भोपाल, 7 जून. भारत भवन में आयोजित तीन दिवसीय नृत्य समारोह 'भावानुभाव' का समापन रविवार को अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक नृत्यांगना मंजरी चतुर्वेदी की प्रस्तुति 'राधा रास राधा कन्हैया का किस्सा' के साथ हुआ.**

लगभग 75 मिनट तक चली इस प्रस्तुति ने दर्शकों को राधा-कृष्ण के प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ दिया.

मंजरी चतुर्वेदी ने कथक की शैली में राधा के प्रेम, विरह, मिलन और समर्पण के भावों को मंच पर जीवंत किया.

दर्शकों ने प्रस्तुति के दौरान कई बार तालियों से कलाकार का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें कृष्ण पर मुस्लिम कवियों द्वारा रचित काव्य और सूफी परंपरा से जुड़े प्रसंगों को भी शामिल किया गया. इसके माध्यम से प्रेम, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया गया. प्रस्तुति में अवध के नवाब वाजिद अली शाह, रामपुर के नवाब रज़ा अली तथा नज़ीर अकबराबादी जैसे रचनाकारों के योगदान को भी रेखांकित किया गया. यमुना, वृंदावन, रासलीला और शुक-संदेश जैसे प्रसंगों का सुंदर चित्रण दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहा. कथक, कविता, सूफी संगीत और कृष्ण भक्ति के अनूठे संगम ने समारोह को यादगार बना दिया. इसी के साथ 'भावानुभाव' समारोह का समापन हुआ.

# 'फिटनेस की डोज़, आधा घंटा रोज़'

## साई की साइकिल रैली : नागरिकों को दिया स्वस्थ रहने का संदेश

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 7 जून. विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को प्रातः 6 बजे टी.टी नगर स्टेडियम से निकली साइकिल रैली में जोश देखने को मिला. रैली के माध्यम से 'फिटनेस की डोज़, आधा घंटा रोज़' का संदेश दिया गया.**



भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के केंद्रीय क्षेत्रीय केंद्र भोपाल द्वारा आयोजित रैली को प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रैली में करीब 600 लोगों ने हिस्सा लिया. रैली शुरू होने से पहले प्रतिभागियों ने जुम्बा सत्र और फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लिया. इस मौके पर मंत्री सारंग ने फिट इंडिया चैंपियन प्रमोद भाटी, प्रभांशु और स्तुति को सम्मानित किया. सभी प्रतिभागियों को फिट इंडिया शपथ भी दिलाई गई. रैली में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, साई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान, एलएनआईपीई ग्वालियर के प्रभारी कुलपति प्रो. डॉ. एम.के. सिंह और ऐश्वर्या राज भाकुनी भी मौजूद रहीं. रैली से युवाओं और आम लोगों को साइकिल को स्वस्थ जीवन और पर्यावरण को बचाने के लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में अपनाने व एकजुट होकर फिट और हरित भारत बनाने का संदेश दिया गया. सभी ने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी बढ़ाने की अपील भी की. कार्यक्रम में 'फिटनेस की डोज़, आधा घंटा रोज़' का संदेश भी गूंजता रहा. इसके जरिए लोगों को रोजाना कुछ समय व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के लिए निकालने की प्रेरणा दी गई, ताकि फिटनेस को जीवन का नियमित हिस्सा बनाया जा सके.

## एक नजर में



### मोगरे से बने बंगले में भगवान को बंधा सेहरा

**भोपाल, 7 जून.** श्री राधावल्लभ लाल मंदिर इब्राहिमपुरा में रविवार को पुरुषोत्तम मास के अंतिम चरण में ब्याहुला उत्सव मंडल के द्वारा मथुरा से मंगाए गए सवा क्विंटल मोगरे से बने बंगले में सेहरा बंधन आचार्य भूपेश वल्लभ ने कर ब्याहुला महोत्सव मनोरथ पूर्ण कराया. प्रवक्ता प्रमोद नेमा ने बताया शाम 7 बजे भगवान का सेहरा बंधन एवं महाआरती के साथ ब्याहुला मनोरथ के पद एवं भजनों का गायन हुआ. रात्रि 10 :30 बजे शयन आरती के बाद महाप्रसादी संपन्न हुई.



### बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

**भोपाल, 7 जून.** राष्ट्र सेविका समिति, सुभाष नगर द्वारा आयोजित सात दिवसीय बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को श्री दुर्गा मंदिर परिसर, ओल्ड सुभाष नगर में हुआ. सात दिन तक चले शिविर में बालिकाओं एवं युवतियों ने आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों, दण्ड संचालन, नियुद्ध कला एवं अन्य शारीरिक कौशलों का प्रशिक्षण लिया. समापन समारोह में उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई आत्मरक्षा तकनीकों एवं कौशलों का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की सहकार्यवाहिका कोमल चौहान थीं, उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण केवल सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, साहस एवं आत्मनिर्भरता के विकास का प्रभावी साधन भी है.



### दिगंबर जैन महिला परिषद ने रोपे पौधे

**भोपाल, 7 जून.** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद् पद्मावती संभाग माता त्रिशला शाखा, लालघाटी, अध्यक्ष डॉ. सविता जैन चेयरपर्सन सरिता जैन, श्रुति जैन, मिली जैन, नम्रता जैन ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में परिषद की अन्य सदस्यों के साथ एक पेड़ धरती के मां के नाम 20 पौधे रोपे, जिसमें आम, जामुन, अमरूद, सीताफल, नींबू, गुलाब, मीठी नीम आदि शामिल हैं. इस दौरान उन्होंने पौधों को रोज पानी देने का संकल्प लिया.

# 45 मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

- नामदेव समाज का सम्मान समारोह
- विद्यार्थियों को नगद राशि, चेक प्रदान किए

**भोपाल, 7 जून. श्री संत नामदेव मानव सेवा समिति, भोपाल द्वारा रविवार को गुजराती भवन टीटी नगर में आयोजित सम्मान समारोह में नामदेव समाज के 45 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र, नगद राशि एवं चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया.**



इस अवसर पर दादाजी धाम मंदिर के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव, ट्रस्टी जीवन नामदेव, समिति के अध्यक्ष संजय नामदेव, सचिव नवीन नामदेव, कोषाध्यक्ष प्रमोद बघेल, रामकुमार नामदेव सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल थे. इस दौरान गुजराती समाज भवन प्रबंधन समिति द्वारा श्री संत नामदेव मानव सेवा समिति, भोपाल के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया.

### सुर सिम्फनी की संगीतमय शाम ने बांधा समां

**भोपाल, 7 जून.** पॉलीटेक्निक कॉलेज ऑडिटोरियम में रविवार को आयोजित सुर सिम्फनी म्यूजिकल ग्रुप की संगीतमय संध्या ने संगीत प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया. कार्यक्रम में सूफी और बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुतियों ने देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा. आयोजन तोसीफ खान और रिंकी सोनकर के नेतृत्व में हुआ, जबकि मंच संचालन बदर वस्ती ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत तोसीफ खान ने सूफी गीत 'मुर्शीद भी है, खुदा भी है' से की. इसके बाद राजेश सरीन और डॉली सरीन ने 'रात के हमसफर' तथा 'तेरी आंखों के दो प्यारे-प्यारे' गीत प्रस्तुत किए.



# प्रदेश की बौद्ध धरोहरों के संरक्षण को लेकर मंथन

- रवीन्द्र भवन में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**भोपाल, 7 जून. मध्य प्रदेश की समृद्ध बौद्ध विरासत, सांस्कृतिक धरोहर एवं वैश्विक पर्यटन संभावनाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ, भोपाल एवं वीर भारत न्यास (संस्कृति विभाग), मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गौरांजनी सभागार, रवीन्द्र भवन, भोपाल में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया.**

सम्मेलन में भारत सहित थाईलैंड, श्रीलंका, वियतनाम, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार एवं अन्य देशों से बौद्ध भिक्षु, भिक्षुणी, भारत के 5 राज्यों के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के विद्वान पुरातत्वविद्, भारत के उद्योगपति, शोधकर्ता विद्यार्थी, विश्वविद्यालययों के कुलपति, नीति-निर्माता, सांस्कृतिक विशेषज्ञ एवं अंतरराष्ट्रीय अतिथि शामिल हुए

सम्मेलन में मध्य प्रदेश के बौद्ध धरोहर स्थलों- सांची, सतधारा, सोनारी, देऊर कोठार, सारुमारू बौद्ध स्तूप उज्जैन की वैश बौद्ध स्तूप एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने तथा प्रदेश में बौद्ध सर्किट के विकास के लिए सुझाव एवं कार्ययोजना तैयार करने को लेकर चर्चा की गई. सोमवार 8 जून को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि 'बौद्ध धरोहर अध्ययन यात्रा' करेंगे. इसके अंतर्गत सांची स्तूप, सतधारा, सोनारी एवं अन्य प्रमुख बौद्ध स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा.

### प्रशांत कुशवाहा ने बढ़ाया प्रदेश का गौरव

**भोपाल 7 जून.** एशियन कैनो स्प्रिंट एवं पैरा कैनो चैंपियनशिप का शुभारंभ कजाकिस्तान के तुर्किस्तान में एशियन कैनो परिसंघ के अध्यक्ष और भोपाल के प्रशांत कुशवाहा ने किया. एशिया के 15 से अधिक देशों के 300 से ज्यादा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं. उद्घाटन समारोह में कुशवाहा ने खिलाड़ियों और अधिकारियों को संबोधित करते हुए एशियाई देशों के बीच सहयोग बढ़ाने, खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने और पैरा खेलों को मजबूत बनाने पर जोर दिया. जिसे सभी देशों के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया.

# पढ़ाई ही नहीं, खेलों में भी आगे बेटियां

- टीटी नगर स्टेडियम में समर कैंप
- फुटबॉल क्लब ने रॉयल एफसी को 5-0 से हराया

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 7 जून. खेलो भोपाल बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के ओपन गर्ल्स वर्ग में टीटीएनएस फुटबॉल क्लब ने दमदार खेल दिखाते हुए रॉयल एफसी को 5-0 से हरा दिया. इस जीत के साथ टीम ने तीन अंक हासिल किए और छह अंकों के साथ अंक तालिका में पहला स्थान मजबूत कर लिया.**



मैच की शुरुआत से ही टीटीएनएस की खिलाड़ी रॉयल एफसी पर हावी रहीं. टीम की सिधिली ने अकेले चार गोल दागे और मुकाबले की सबसे बड़ी स्टार बनकर उभरीं. वहीं सोफिया ने भी एक गोल कर टीम की जीत में अहम योगदान दिया. रॉयल एफसी की टीम पूरे मैच में गोल करने का मौका नहीं बना सकी. बालिका वर्ग के इस मुकाबले में दोनों टीमों की खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ खेल दिखाया, लेकिन टीटीएनएस की तेज और आक्रमण खेल के सामने रॉयल एफसी की टीम नहीं टिक सकी. इस जीत के साथ टीटीएनएस टीम की लगातार दूसरी जीत इतिहास के पन्नों में समलित हुई.

# बारिश से क्रिकेट मैच स्थगित आज होंगे मुकाबले

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 7 जून. मयंक चतुर्वेदी इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता और एचएमजी कप में रविवार को बारिश के कारण कई मुकाबले प्रभावित हो गए. सुबह 8 बजे से दो शिफ्ट में मैच खेले जाने थे, लेकिन खराब मौसम के चलते कुछ मुकाबलों को स्थगित करना पड़ा.**

खिलाड़ियों ने बताया कि वे लंबे समय से खेल की तैयारी करते हैं और ऐसे में मैच रद्द या स्थगित होने पर निराशा होना स्वाभाविक है. विराट कोहली (वीके) टीम में यशराज श्रीवास्तव के अलावा अन्य टीमों में उत्कर्ष, शाश्वत और आरफ शामिल हैं. हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा. खिलाड़ियों का मानना है कि स्थानीय मैदानों में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम और कवर की व्यवस्था हो तो बारिश के बाद भी मुकाबले जल्दी शुरू कराए जा सकते हैं. रविवार को होने वाले मुकाबले सोमवार 8 जून को सुबह 8 बजे से खेले जायेंगे व कुछ मैच शाम को खेले जायेंगे.

# भरत मिलाप प्रेम, भाईचारे का अद्भुत उदाहरण



- मानस भवन में संगीतमय रामकथा का सातवां दिन



**भोपाल, 7 जून.** अधिकमास के अवसर पर मानस भवन में चल रही रामकथा के 7 वें दिन कथावाचक मनीष कृष्ण शास्त्री ने भारत मिलाप, श्रीराम एवं माता शबरी मिलन तथा लंका दहन के प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाए. उन्होंने कहा कि भरत मिलाप का प्रसंग त्याग, प्रेम और भाईचारे का अद्भुत उदाहरण है.

इस अवसर पर विवेक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल ने व्यासपीठ की पूजा अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.

**कार्यशाला** ▶ बायोटेक्नोलॉजी ज्ञान से युवा वैज्ञानिक ने परखा औषधियों के गुण

# काली मिर्च, लहसुन संक्रमण से लड़ने में सक्षम

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 7 जून. आंचलिक विज्ञान केन्द्र के इनोवेशन हब में आयोजित दो दिनी बेसिक्स ऑफ बायोटेक्नोलॉजी कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ. इसमें कक्षा 11वीं से लेकर कॉलेज स्तर के छात्र-छात्राओं ने अत्याधुनिक शोध तकनीकों को समझा. इस दौरान विद्यार्थियों ने सूक्ष्मजीव संवर्धन, सीरियल डायल्यूशन और डिस्क डिफ्यूजन पद्धति का प्रयोगशाला में खुद प्रयोग करके अनुभव लिया.**



-घरेलू मसालों के जीवाणुरोधी गुणों पर शोध

कार्यशाला में विद्यार्थियों ने लौंग, काली मिर्च, लहसुन और नीम जैसी वनस्पतियों के जीवाणुरोधी गुणों पर शोध किया. साथ ही सूक्ष्मदर्शी से बैक्टीरिया की कॉलोनियों की वृद्धि और उनकी संरचना का अवलोकन किया. जिससे उन्हें यह समझने में मदद मिली कि ये प्राकृतिक चीजें किस तरह संक्रमण से लड़ने में सक्षम हैं. कार्यशाला में सूक्ष्मजीव विज्ञान के साथ-साथ विद्यार्थियों को कीट विज्ञान और पारिस्थितिकी तंत्र को समझने का भी अवसर मिला. विद्यार्थियों को संरक्षित ड्रैगनफ्लाई के नमूनों का अध्ययन कराया गया. इसके माध्यम से उन्होंने कीटों की शारीरिक संरचना, उनके शारीरिक अनुकूलन और पर्यावरण में जैव विविधता के महत्व को समझा.

समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए. आंचलिक विज्ञान केन्द्र के केन्द्र प्रमुख साकेत सिंह कौरव ने बताया कि केंद्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति को खत्म कर प्रयोग आधारित विज्ञान और शोध की संस्कृति को विकसित करना है.

### आरएनटीयू-एसजीएसयू ने मनाया प्लेसमेंट डे

**भोपाल, 7 जून.** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू), भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से भोपाल में प्लेसमेंट डे 2026 का आयोजन किया गया. इस अवसर पर दोनों विश्वविद्यालयों के 650 से अधिक चयनित विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों से प्राप्त नियुक्ति पत्र एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इस दौरान 130 से अधिक राष्ट्रीय -अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने कैंपस भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया. जिसमें 650 से अधिक विद्यार्थियों का चयन हुआ.

# हिमांशु के दो स्वर्ण से दमदार शुरुआत

## 48वीं राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में एमपी का शानदार प्रदर्शन

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल 7 जून. कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में चल रही 48वीं राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया. सबसे ज्यादा चर्चा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी हिमांशु घुसर की रही, उन्होंने दो अलग-अलग वर्गों में प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाए.**



देश के 12 राज्यों से आए करीब 250 खिलाड़ी और अधिकारी इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं. रविवार को हुए मुकाबलों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के खिलाड़ियों का दबदबा रहा. हिमांशु घुसर ने यूथ पुरुष वर्ग के +55 किलोग्राम राइट हैंड और सीनियर पुरुष वर्ग के अंडर-55 किलोग्राम राइट हैंड मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता. अब प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर, मास्टर और दिव्यांग वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे. देशभर से पहुंचे खिलाड़ी राष्ट्रीय खिताब के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं, जिससे हर मुकाबला बेहद रोमांचक और संघर्ष वाला बनता जा रहा है.